# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक–536/पी.ए./2022 दिनांक–15/09/2022

## सूचना

कल दिनांक 14.09.2022 को स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य, प्रवेश समन्वयक, प्रवेश सह–समन्वयक एवं अन्य शिक्षकगण के साथ प्रवेश को लेकर उठाए गए बिंदुओं के सम्बन्ध में किए गए विचार विमर्श के क्रम में मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार पुनः निर्देशित/स्पष्ट किया जाता है कि–

1. सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित समस्त पारंपरिक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता संबंधित मानक वही रहेंगे जो वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में लागू है।
2. प्रवेशित छात्रों का डाटा निर्धारित प्रारूप में विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 20.09.2022 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर दिया जाए।
3. 33 प्रतिशत सीट वृद्धि के सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा समुचित आधार प्रस्तुत करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए, जिसमें बढ़ी हुई सीटों के फलस्वरूप महाविद्यालय में पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता का भी उल्लेख हो।
4. 33 प्रतिशत सीट वृद्धि हेतु मूल सीटों + 10 प्रतिशत EWS के सीटों के सापेक्ष किए गए प्रवेशों का विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किए जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा ।
5. बढ़ी हुई सीटों पर प्रवेश निर्धारित अन्तिम तिथि तक ही अनुमन्य होंगे।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव मा0 कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सम्बद्ध समस्त अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु सूचनार्थ।
3. प्रवेश एजेंसी को तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।

कुलसचिव